बिहार देश का पहला राज्य, जहाँ सभी घरों में लगेंगे प्रीपेड मीटर

drishtiias.com/hindi/printpdf/bihar-first-state-in-the-country-where-prepaid-meters-will-be-installed-in-all-the-houses

चर्चा में क्यों?

11 अक्टूबर, 2021 को बिहार कैबिनेट की बैठक में राज्य के **सभी घरों में प्रीपेड मीटर** लगाने संबंधी ऊर्जा विभाग के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की गई।

प्रमुख बिंदु

- 1110 करोड़ रुपए की लागत की इस **परियोजना को अगले 42 महीने में पूरा करने का लक्ष्य** रखा गया है।
- **परियोजना के पूरा होते ही बिहार देश का पहला राज्य बन जाएगा, जहाँ सभी घरों में प्रीपेड मीटर** लगे होंगे।
- प्रीपेड मीटर लगाने का कार्य **साउथ बिहार और नॉर्थ बिहार पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के साथ पॉवर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड, रूरल इलेक्ट्रीफिकेशन कॉर्पोरेशन और एनर्जी इफिशिएंसी सर्विसेज लिमिटेड के द्वारा** किया जाएगा।
- स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने के लिये किसी भी **उपभोक्ता से अतिरिक्त राशि नहीं ली जाएगी। खर्च का वहन बिजली कंपनियाँ करेंगी**।
- स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने पर **उपभोक्ताओं को बिजली बिल में तीन फीसदी छूट** दी जाएगी।